# शिक्षक राष्ट्र निर्माण के शिल्पकार, प्रतिभाओं को सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी: शिवराज सिंह चौहान

## सेवा समिति के 35वें शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में 2240 शिक्षक-शिक्षिकाओं और 460 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**पीपुल्स प्रवक्ता, मंडीदीप।**
औद्योगिक नगर मंडीदीप में सामाजिक संस्था सेवा समिति द्वारा लगातार 35वें वर्ष आयोजित विशाल शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह गरिमामय एवं भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में ब्लॉक क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों, मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र के सभी स्कूल संचालकों सहित 2240 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 460 मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी समिति की ओर से विशेष सम्मान प्रदान किया गया

**शिक्षक वह शक्ति हैं जो पीढ़ियों का भविष्य गढ़ते हैं: शिवराज:** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण करते हैं। एक शिक्षक के हाथ में केवल चॉक और किताब नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य होता है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं, वे आगे चलकर समाज और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सेवा समिति द्वारा 35 वर्षों से शिक्षकों एवं प्रतिभाओं के सम्मान की परंपरा को जारी रखने की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में शिक्षा और प्रतिभा के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद भी किया।

**शिक्षक और प्रतिभा का सम्मान, वास्तव में समाज के भविष्य का सम्मान: सुरेंद्र पटवा:** भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने अपने संबोधन में कहा कि जिस समाज में शिक्षक का सम्मान होता है, उस समाज का भविष्य हमेशा उज्ज्वल होता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माण की वह नींव हैं, जिस पर मजबूत और संस्कारित समाज खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि मंडीदीप जैसे औद्योगिक नगर में सेवा समिति द्वारा पिछले 35 वर्षों से शिक्षकों और प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा अपने आप में गौरव का विषय है। आज 2240 शिक्षक-शिक्षिकाओं और 460 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि शिक्षा और प्रतिभा के प्रति पूरे समाज का सामूहिक सम्मान है। पटवा ने कहा कि प्रतिभाओं को मंच और प्रोत्साहन देने से उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा होता है। आज सम्मान पाने वाला विद्यार्थी कल समाज का नेतृत्व करेगा और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, संस्कार और शिक्षा के बल पर मंडीदीप की प्रतिभाएं प्रदेश और देश में अपनी पहचान बनाएं।

**इन प्रतिभाओं को मिले प्रतिष्ठित पुरस्कार:** समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. राधाकृष्णन पुरस्कार पुष्पा लोहानी, औद्योगिक रत्न पुरस्कार नवीन कुमार मदन, आइकॉन ऑफ द इंडस्ट्रीज पुरस्कार विकास मुंद्रा, डॉ. राजकिशोर सामाजिक सरोकार पुरस्कार विनोद कुमार जैन, पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार अनंत स्पिनिंग मिल्स, द्रोणाचार्य पुरस्कार अंकित चौहान तथा मंडीदीप खेल रत्न पुरस्कार संजू राजपूत को प्रदान किया गया।

**35 साल से सम्मान की परंपरा:** सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह पाल ने कहा कि समिति पिछले 35 वर्षों से शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से समाज की उन विभूतियों को सम्मानित कर रही है, जिन्होंने शिक्षा, उद्योग, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना समिति का संकल्प है और यह परंपरा निरंतर आगे भी जारी रहेगी।

# भेरूंदा में दक्ष प्रजापति आर्मी की तहसील स्तरीय बैठक एवं भव्य शोभायात्रा संपन्न



**पीपुल्स प्रवक्ता, भेरूंदा।**
दक्ष प्रजापति आर्मी मध्य प्रदेश के नेतृत्व में भेरूंदा में तहसील स्तरीय सामाजिक बैठक एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. प्रजापति उपस्थित रहे। समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा दक्ष प्रजापति एवं श्री यादें माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती, शिक्षा, युवाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. प्रजापति ने समाजजनों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता जरूरी है। युवाओं को समाजहित के कार्यों में आगे आकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही नशाखोरी, अशिक्षा एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक रूप से जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। बैठक के बाद भेरूंदा नगर में प्रजापति समाज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक बंधुओं एवं अन्य समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत एवं सम्मान किया। नगर पंचायत द्वारा भी शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान समाज की एकता, भाईचारे और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश, संभाग, जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भेरूंदा तहसील के पदाधिकारियों एवं समाजजनों का विशेष योगदान रहा। अतिथियों का आभार भेरूंदा तहसील अध्यक्ष संतोष प्रजापति एवं कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र प्रजापति ने माना।

# बिजली बिल बकायादारों की अब खैर नहीं, कड़ी कार्रवाई प्रारंभ



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**
ऊर्जा विभाग ने बिजली बिल बकैडरों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। जिससे बकाया तारों की राशि जमा कराई जा सके। इसे लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत अंतर्गत आने वाले वितरण केंद्रों में ऐसे बिजली बिल के बड़े बकायादार जिन्होंने सालों से भुगतान नहीं किया गया इन बकायादारों को पूर्व में धारा 56 नोटिस बी फॉर्म सी फॉर्म कुर्की कार्यवाही हेतु जारी कर समय देने के बावजूद भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर बिजली कंपनी ने मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में 1 सितंबर से लेकर 7 सितंबर तक वितरण केन्द्र बार मोटर साइकिल चक्की मोटर कुर्की कार्यवाही में 15 नंबर बाइक ओर दस नंबर चक्की मोटर जप्त कार्यवाही की गई। जिसमें लगभग 10 लाख रुपए की राशि बकाया थी कुछ उपभोक्ताओं के द्वारा कार्यवाही के दौरान शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयाय भी किया गया । लेकिन अभियंताओं ओर स्टॉफ के द्वारा सामंजस्य स्थापित कर मौके पर राशि जमा की जा रही है और कुछ उपभोक्ताओं के बैंक खाते सीज करने की कार्यवाही हेतु बैंक को पत्र भी जारी किए गए हैं आगामी समय में लगातार पूरे माह कार्यवाही जारी रहेगी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि अपने अपने बकाया बिलों का भुगतान समय पर करे जिससे अप्रिय कार्यवाही से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### समेरिटंस की एनसीसी ऑफिसर स्नेहा को लगाई रैंक, किया सम्मान



**नर्मदापुरम।** समेरिटंस स्कूल नर्मदापुरम की एनसीसी अधिकारी शिक्षिका स्नेहा उपाध्याय द्वारा कौशल पूर्ण प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सोमवार की विद्यालय मे सम्मान किया गया। उन्हें रैंक लगाई गई। ज्ञात रहे कि प्रशिक्षण के दौरान देशभर के 129 प्रशिक्षणार्थियों के बीच बेहतरीन प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का ख़िताब प्राप्त किया। संस्था के निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत के द्वारा उनके कंधे पर एनसीसी सेकेंड आफीसर की रैंक पहनाकर एवं उनकी इस बेहतरीन उपलब्धि पर स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव ने किया। इस स्वागत कार्यक्रम में राजेंद्र रघुवंशी, सेकेंड एनसीसी आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की संवेदनशील पहल, माता-पिता के निधन के बाद आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही पलक को इलाज के लिए मिली आर्थिक सहायता



**नर्मदापुरम।** जरूरतमंदों की सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार संवेदनशीलता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नर्मदापुरम निवासी पलक केवट, जिनके माता-पिता दोनों का निधन हो चुका है, को उपचार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। पलक अपने भाई एवं बहन के साथ रहती हैं। परिवार में आजीविका का कोई निश्चित साधन नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उपचार के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से पलक को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई।

### नर्मदापुरम में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 8 प्रकरण कायम

**नर्मदापुरम ।** कलेक्टर नर्मदापुरम श्री सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को वृत्त इटारसी शहर के अंतर्गत नाला मोहल्ला, सूरज गंज, बालाजी मंदिर, मेहरा गांव और गरीबी लाइन क्षेत्र में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 08 प्रकरण कायम किए गए। मौके से लगभग 550 किलोग्राम महुआ लाहन और 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 63,000 रुपये आंकी गई है। उक्त कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार, आबकारी उपनिरीक्षक के.के. पडरिया, आर.पी. निमोदा आदि।

# शासकीय माध्यमिक शाला भमड़ी में शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**
शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर 2026 को शासकीय माध्यमिक शाला भमड़ी में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ अतिथियों की उपस्थिति रही और विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण एवं कविताओं के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्री ध्रुव यादव, श्री उमेश गौर, श्री सुरेश, शिक्षिका श्रीमती स्वर्ण लता राय, अतिथि शिक्षिका श्रीमती सुरभी अग्रवाल एवं नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाजसेवा समिति गाजनपुर की संयुक्त सचिव काजल रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकों को पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर की ओर से शिक्षकों को बील पत्र के पौधे भेंट किए गए। पौधे भेंट कर सम्मान करने की पहल ने कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जोड़ दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की महत्ता बताते हुए कहा गया कि ÷माता-पिता जन्म देते हैं, पर शिक्षक जीना सिखाते हैं। एक शिक्षक ही समाज का वास्तविक निर्माता होता है। वहीं गुरु महिमा को इन पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त किया गया– फूलों से बगिया बने, रंगों से रंगोली बने। जीवन में गुरु मिले, तो जीवन स्वर्ग बने। अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना और शिक्षकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों एवं सम्मान भावना की सराहना की।

## छात्रों की गूंज अभियान के तहत कॉलेजों में पहुंची कांग्रेस

# एसडीएम कॉलेज व कुसुम महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से संवाद, 19 सितंबर के इंदौर छात्र संवाद कार्यक्रम की दी जानकारी



**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**
नगर कांग्रेस कमेटी, सिवनी मालवा द्वारा छात्रों की गूंज अभियान के तहत सोमवार को एसडीएम कॉलेज एवं कुसुम महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले राहुल गांधी के छात्र संवाद कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों से शिक्षा, रोजगार, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया। विद्यार्थियों को छात्र संवाद कार्यक्रम से जुड़ने के लिए त्तक्रकोड उपलब्ध कराया गया, जिसे स्कैन कर छात्र-छात्राओं ने अपना फॉर्म पूरा किया और कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कराई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों की गूंज युवाओं की आवाज को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में शिवाकांत गुड्डन पांडे, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी; स्वदेश शर्मा, नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी; पृथ्वीराज रघुवंशी, नेता हस्ट्ढ; हैरिसन स्वामी, नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस; प्रवीण रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी; विकास राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष सहित विकास पाठक, रत्ना गौर, देवेंद्र रघुवंशी, शेख साजिद, अजय भाटी, मो. फारूक, आकाश दार, नर्मदा गौर, ऋषभ पालीवाल, प्रेमशंकर गौरी, दुर्गेश बैरागी, कुलदीप रघुवंशी, काशी रघुवंशी, श्रेयांश वैष्णव, देवेंद्र भाटी, वसंत रघुवंशी, दिव्यास रघुवंशी, राजेंद्र विश्वकर्मा, राज यादव, विकास यादव, अभी यादव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध रेत उत्खनन के विरोध में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

# पथाड़ा, आयपा और बाबरी के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय के सामने डाला डेरा, जमीन कटाव और फसल प्रभावित होने का लगाया आरोप




**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**
तहसील क्षेत्र के पथाड़ा, आयपा और बाबरी गांवों के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप है कि नर्मदा घाट क्षेत्र के पास लंबे समय से हो रहे अवैध रेत उत्खनन के कारण उनकी कृषि भूमि लगातार कट रही है और पानी में समा रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरने पर बैठे किसानों ने बताया कि वे तीनों गांवों के किसान हैं और लंबे समय से अपनी जमीन पर खेती करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रेत उत्खनन के चलते उनकी कृषि भूमि को नुकसान पहुंच रहा है। किसानों ने प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई कर उनकी जमीन का सीमांकन कराने की मांग की है।

**शिकायतों के बावजूद नहीं रुका रेत उत्खनन:** ग्रामीण नीरज सिंह पटेल का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे पहले भी कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181, कलेक्टर कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय और सिवनी मालवा थाने में भी शिकायतें की हैं। किसानों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी।

**हाईकोर्ट के आदेश का भी दिया हवाला:** धरने पर बैठे किसानों ने दावा किया कि इस मामले में हाईकोर्ट का आदेश भी है, जिसमें अवैध रेत उत्खनन को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए थे। किसानों का आरोप है कि आदेश के बावजूद नर्मदा घाट क्षेत्र में रेत उत्खनन जारी है।

### मुआवजा और सीमांकन की मांग

किसानों ने प्रशासन से प्रभावित कृषि भूमि का तत्काल सीमांकन कराने, रेत उत्खनन से हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने तथा नर्मदा घाट क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन को तत्काल बंद कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पढ़ेंगे बच्चे, बढ़ेगी सोच, अपने शब्दों में कहेंगे अपनी कहानी

# विधायक हजारीलाल दांगी ने किया 'मेरे शब्द, मेरी कहानी' पठन अभियान का शुभारंभ



**(यशवंत मेवाड़े)**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**
बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने, उनकी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को नई दिशा देने तथा स्वतंत्र एवं तार्किक चिंतन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 'मेरे शब्द, मेरी कहानी' पठन अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ सुशील कुमार सहित डीपीसी, डाइट प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, सीएसी, एपीसी एवं डीपीसी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत 8 सितंबर को जिले के प्रत्येक विद्यालय में कहानी-कथन गतिविधि आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों को कहानी सुनाने के साथ उन्हें कहानी पर विचार करने, सवाल पूछने, घटनाओं को समझने और फिर अपनी भाषा एवं अपने शब्दों में कहानी सुनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबें पढ़ने तक सीमित रखना नहीं, बल्कि पढ़ने के साथ सोचने, समझने और अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने की आदत विकसित करना है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा मिलेगा।


## जनसहयोग से सुदृढ़ हुई सुरक्षा व्यवस्था

# सीसीटीवी कैमरा स्थापना में सहयोग देने वाले समाजसेवियों एवं संस्थाओं का पुलिस ने किया सम्मान



**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**
अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी एवं शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस द्वारा जनसहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में समाजसेवियों, व्यापारियों एवं नागरिकों के सहयोग से शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर कुल 38 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। जनसहयोग से स्थापित ये कैमरे इंदिरा चौक, एस.पी.एम. पुलिया, रविशंकर मार्केट, बसंत टॉकीज तिराहा, अमर चौक, लश्कर चौक, बंगाली कॉलोनी, बस स्टैंड, साईनाथ एस.टी.डी. आनंद नगर, सर्किट हाउस चौराहा एवं राम जानकी मंदिर सहित शहर के ।। प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे अपराध नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की पहचान तथा घटनाओं के त्वरित खुलासे में पुलिस को महत्त्वपूर्ण सहायता मिल रही है। इसी जनहितकारी पहल के अंतर्गत आज पुलिस कंट्रोल रूम, नर्मदापुरम में मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने में सहयोग प्रदान करने वाले समाजसेवियों एवं संस्थाओं को पुलिस की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, एसडीओपी नर्मदापुरम जितेन्द्र पाठक, एसडीओपी यातायात संतोष मिश्रा, प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री पूजा लक्सकार, रक्षित निरीक्षक श्रीमती स्नेहा चंदेल, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक संगीता पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला एवं थाना प्रभारी देहात निरीक्षक श्रीमती उषा मरावी उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण पहल में श्रीमती नीरजा फौजदार, अशोक जमनानी, रामचंद्र मूलचंदानी (बल्लू भैया, हजूरी लॉज), चैम्प्स फन स्कूल, आशुतोष शर्मा, प्रणाली इनोवेटिव, साधु वासवानी स्कूल, मनोज भदौरिया एवं राजू जमनानी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 9 सितंबर को



**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**
जिले में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन 9 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई के नवीन भवन, जीरापुर रोड खिलचीपुर में किया जाएगा। मेले में करीब 5 से 7 कंपनियां शामिल होंगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 450 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। मेले में इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, उत्पादन एवं विनिर्माण, कृषि, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को पद एवं कंपनी के अनुसार 13 हजार से 25 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिल सकता है। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई से लेकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु के युवा अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे। साथ ही युवाओं को अप्रेंटिसशिप एवं स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध रहेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में शामिल होने से पहले पोर्टल पर अपना रोजगार पंजीयन कराएं तथा शैक्षणिक योग्यता सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा और किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी।